# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–11 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

देश का सोलहवां रोजगार मेला कल सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को इक्यावन हजार से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे। वह नव–नियुक्त कर्मियों को सम्बोधित भी करेंगे। इस अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले में देश के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी हिस्सा लेंगे। वह केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जिओम–4 मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा चौदह जुलाई से शुरू होगी। इस बात की पुष्टि अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा ने की है। लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चौदह–दिवसीय मिशन पर हैं। उनकी मां आशा शुक्ला ने कहा कि वह लोग शुभांशु शुक्ला का खुले दिल, गर्मजोशी और बैंड–बाजे के साथ स्वागत करेंगे।

**बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं, बहुत ज्यादा खुशी हो रही है कि कितनी जल्दी वो पल आए कि बच्चा हमारा वापस आए और हम लोग मिले उससे जाकर जैसे मिशन अच्छे से चला गया तो वैसे वापस आए, यहीं प्रार्थना भगवान से करते हैं।**

**********

पवित्र सावन माह के पहले दिन आज सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सावन माह के पहले दिन की शुरुआत भगवान विश्वनाथ की मंगला आरती से हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान विश्वनाथ, भगवान दंडपाणि और उनके मध्य स्थित भगवान बैकुण्ठेश्वर के तीन शिखरों के सामने से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई।

गोरखपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सावन के पहले दिन रुद्राभिषेक कर के प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रदेशवासियों को पवित्र सावन माह की शुभकामनाएं दी। अयोध्या जिले में आज से ही सावन मेले की शुरूआत हो गई। वहां के प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

आज से ही पूरे प्रदेश में कावड़ यात्रा भी शुरू हो गई। यात्रा के दौरान सुरक्षा और साफ सफाई संबंधी कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश से बड़ी संख्या में कावड़ यात्री उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ महादेव और गंगोत्री धाम के लिए रवाना होने लगे हैं।

कावड़ यात्रा को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने भी विशेष प्रबंध किए हैं।

***कांवड़ यात्रा आज से शुरू होकर 23 जुलाई तक चलेगी। कांवड़ियों की सुविधा और यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस, एसडीआरएफ और अर्धसैनिक बलों के सात हजार से ज़्यादा जवानों को तैनात किया गया है। मेले के दौरान यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस, मोबाइल शौचालय, पेयजल और कचरा प्रबंधन की भी व्यवस्था की गई है। साक्षी सिंह, आकाशवाणी समाचार, देहरादून।***

प्रदेश के कावड़ियों के कुछ दल झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथधाम में जलाभिषेक के लिए रवाना होने लगे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर प्रवास के तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी गरीब की जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी जरूरतमंद का इलाज पैसे के अभाव में ना रुकने पाए।

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि दो हजार रुपये के नोट प्रचलन में नहीं हैं लेकिन यह अब भी कानूनी रूप से वैध हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त से संबद्ध संसदीय स्थायी समिति को भारत की आर्थिक वृद्धि के बारे में जानकारी देते हुए यह स्थिति स्पष्ट की है।

**********

आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है माँ और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए माता–पिता को पालन पोषण की सही योजना तैयार करनी चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि संतुलित जनसंख्या ही समृद्ध समाज और सतत विकास की सुदृढ़ आधारशिला है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग संतुलित जनसंख्या–सक्षम भारत के संकल्प को सशक्त करे।

**********

प्रदेश भर में आज से दस्तक अभियान की शुरुआत हो गई। इसके तहत स्वास्थ्य टीम इकतीस जुलाई तक घर घर जाकर स्वस्थ व्यवहार के जरिए संचारी रोगों को हराने का संदेश देंगी। गोरखपुर जिले में आज इस अभियान की शुरुआत करते हुए वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दस्तक के दौरान संचारी रोगों के प्रति संवेदीकरण के साथ साथ स्वास्थ्य टीम मरीजों को सूचीबद्ध करेंगी और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भी भेजेंगी।

**********